दैनिक भास्कर
आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार
कुल पृष्ठ 22 राजस्थान मूल्य ₹ 5.00
dainikbhaskar.com झुंझुनूं, शनिवार, 25 मई, 2024 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-2, 2081 12 राज्य | 61 संस्करण
शेखावाटी भास्कर

सीएसआईआर-सीरी में सेमिकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम के 9वें बैच का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

भास्कर न्यूज | पिलानी

सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान सीरी पिलानी में शुक्रवार को दो सप्ताह के सेमिकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम के 9वें बैच का प्रशिक्षण पूर्ण हुआ। यह प्रशिक्षण 13 से 24 मई तक चला। इसमें डीए-आईआईसीटी गांधीनगर, गुजरात के 22 बी. टेक छात्रों और दो संकाय सदस्यों ने भाग लिया। छात्रों को सेमिकंडक्टर फैब्रिकेशन के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने समापन व विदाई सत्र की अध्यक्षता करते हुए सभी प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से अर्जित ज्ञान व कौशल का उपयोग कर भविष्य में देश के सेमिकंडक्टर उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

पिलानी. सीरी में प्रशिक्षण की समाप्ति पर स्टूडेंट्स को सम्मानित करते सीरी के निदेशक।

मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सुचंदन पाल सहित वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक अशोक चौहान, डॉ. मनीष मैथ्यू, डॉ. कुलदीप सिंह सहित अन्य तकनीकी एवं प्रशिक्षण अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम का संयोजन प्रधान वैज्ञानिक व प्रमुख पीएमई प्रमोद तंवर ने किया।